दिन– रविवार दिनांक– 01 / 12 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज पुलिस महानिदेशकों और महानिरीक्षकों के अखिल भारतीय वार्षिक सम्मेलन को संबोधित करेंगे। इसमें आंतरिक सुरक्षा, नए आपराधिक कानून, तटीय सुरक्षा और साइबर अपराध के मुद्दों पर चर्चा होगी।

02. राज्य सरकार ने कहा– सरकारी स्कूलों के शिक्षकों को नियत अवधि के लिए गर्मी की छुट्टी मिलेगी।

03. नशामुक्ति का संदेश देने के लिए आज पटना में फुल और हाफ मैराथन सहित विभिन्न श्रेणियों की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

04. और, आज विश्व एड्स दिवस है। एड्स के प्रति जागरूकता के लिए प्रदेशभर में अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

———————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज लगातार दूसरे दिन पुलिस महानिदेशकों और महानिरीक्षकों के अखिल भारतीय वार्षिक सम्मेलन में भाग लेंगे। शुक्रवार को ओडिशा के भुवनेश्वर में शुरू हुए तीन दिवसीय सम्मेलन का आज अंतिम दिन है। सम्मेलन में आज प्रधानमंत्री शीर्ष पुलिस अधिकारियों और देश की विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों के प्रमुखों के साथ राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े विविध मुद्दों पर चर्चा करेंगे। प्रधानमंत्री और अन्य प्रमुख गणमान्य व्यक्ति पुलिस के समक्ष आने वाले विभिन्न परिचालन और बुनियादी ढांचे से संबंधित मुद्दों पर भी चर्चा करेंगे। आंतरिक सुरक्षा, नए आपराधिक कानून, तटीय सुरक्षा, साइबर अपराध, माओवादी खतरे, कृत्रिम बुद्धिमत्ता तथा ड्रोन जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों से उत्पन्न चुनौतियां, आतंकवाद निरोधक रणनीतियों जैसे मुद्दों पर आज चर्चा हो सकती है। इस कार्यक्रम में बिहार समेत सभी राज्यों के पुलिस महानिदेशक और महानिरीक्षक और विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों के प्रमुख भाग ले रहे हैं।

———————————————————

प्रदेश में आज पैक्स चुनाव के चौथे चरण का मतदान जारी है। इस चरण में अट्ठाईस जिलों के चौरानवे प्रखंडों के नौ सौ अठहत्तर पैक्स के लिए मतदान हो रहा है। उन्नीस लाख से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इस चरण के तहत एक सौ तेईस पैक्स में निर्विरोध प्रबंध कार्यकारिणी का गठन हो गया है जबकि अठारह पैक्स में कोरम पूरा नहीं होने के कारण मतदान स्थगित कर दिया गया है।

———————————————————

शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉक्टर एस. सिद्धार्थ ने कहा है कि सरकारी शिक्षकों को तय समय के लिए गर्मी की छुट्टी मिलेगी। शिक्षा विभाग के पूर्व अपर मुख्य सचिव के.के. पाठक के कार्यकाल में यह व्यवस्था समाप्त कर दी गयी थी। शनिवार शिक्षा संवाद कार्यक्रम में उन्होंने कहा की भीषण ठंड की स्थिति में जिलाधिकारी स्कूल बंद करने के संबंध में फैसला ले सकते हैं।

———बाईट———

———————————————————————————————

राज्यपाल सह कुलाधिपति राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने कहा है कि विश्वविद्यालयों में नवाचार विकास केन्द्र खोले जायेंगे। इसके लिए हर प्रकार के संसाधन उपलब्ध कराये जा रहे हैं। पटना विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित दीक्षांत समारोह में छात्रों को संबोधित करते हुये उन्होंने कहा कि युवाओं को नौकरी तलाशने के बजाए अब रोजगार प्रदाता बनना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि स्टार्टअप के लिए सरकार भी प्रोत्साहित कर रही है।

———————————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि कृषि प्रक्षेत्र के समग्र विकास के लिए लगभग एक लाख बासठ हजार करोड़ रूपये की स्वीकृति दी गयी है। श्री कुमार ने पटना के गांधी मैदान में राज्यस्तरीय कृषि यांत्रिकरण मेले का उद्घाटन के बाद कहा कि राज्य सरकार किसानों को हर प्रकार की सुविधा देने के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि किसानों के हित में कृषि रोड मैप बनाया गया है। जिसका लाभ बड़े पैमाने पर किसानों को मिल रहा है।

———बाईट———

इससे पहले उन्होंने मेले में लगाए गए कृषि यंत्र प्रदर्शनी का निरीक्षण किया और चिन्हित किसानों को कृषि टूल किट प्रदान किया।

———————————————————————————————

उपमुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि मोकामा से मुंगेर तक नई फोर लेन सड़क बनायी जायेगी। उन्होंने कहा कि एनएच अस्सी के मोकामा—मुंगेर खंड को ग्रीन फील्ड अलाईनमेंट के तहत फोर लेन बनाने की मंजूरी केन्द्रीय सड़क और राजमार्ग मंत्रालय से मिली है। केन्द्र सरकार ने इसके लिए चार हजार करोड़ रूपये का प्रावधान किया है।

———————————————————————————————

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने राज्यों से सर्पदंश के मामलों और उससे होने वाली मृत्यु को राज्य लोक स्वास्थ्य अधिनियम और अन्य प्रावधानों के तहत अधिसूचित रोग

की श्रेणी में रखने को कहा है। स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने सभी राज्यों के प्रधान सचिव और अतिरिक्त मुख्य सचिव को लिखे पत्र में कहा कि सर्पदंश गंभीर चिंता का विषय है। ब्यौरा हमारे संवाददाता से –

–––बाईट–––

अधिसूचित रोग वो रोग है जिसका निदान होने पर सार्वजनिक स्वास्थ्य अधिकारियों को सूचित किया जाना आवश्यक है। इसका लक्ष्य रोगों की निगरानी, नियंत्रण और रोकथाम करना तथा सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए उपयोगों को लागू करना है। सर्पदंश की समस्या से निपटने के लिए स्वास्थ्य मंत्रालय ने संबंधित मंत्रालयों और हितधारकों के परामर्श से 2030 तक सर्पदंश से बचाव और नियंत्रण के लिए राष्ट्रीय कार्य योजना शुरू की है। इस कार्य योजना का उद्देश्य 2030 तक सर्पदंश से संबंधित मौतों को कम करना और देशभर में सर्पदंश के मामलों और मौतों की निगरानी करना है। पल्लवी परमार के साथ अमन यादव आकाशवाणी समाचार दिल्ली।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––

सेना में अग्निवीरों की भर्ती के लिए रैली बीस से सत्ताईस दिसम्बर तक दानापुर में आयोजित की जायेगी। इसमें पटना, बक्सर, भोजपुर, सीवान, सारण, गोपालगंज और वैशाली के युवा शामिल हो सकेंगे। सेना से प्राप्त जानकारी के अनुसार बीस से छब्बीस दिसम्बर तक केवल पुरूष अभ्यर्थी शामिल होंगे जबकि सत्ताईस दिसम्बर को महिला उम्मीदवारों की रैली आयोजित की जायेगी।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––

नशामुक्ति का संदेश देने के लिए आज भारतीय स्टेट बैंक और मद्य निषेध विभाग द्वारा पटना के गांधी मैदान में फुल और हाफ मैराथन सहित विभिन्न श्रेणियों की दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में जानी मानी बैंडमिंटन खिलाड़ी सायना नेहवाल शामिल हुई। मैराथन के लिए लगभग आठ हजार से अधिक प्रतिभागियों ने अपना रजिस्ट्रेशन करवाया था। बिहार सहित देश के विभिन्न हिस्सों से आये मैराथन धावकों ने इसमें भाग लिया। आकाशवाणी से बातचीत में कई प्रतिभागियों ने आयोजन की सराहना की।

–––बाईट–––

––––––––––––––––––––––––––––––––––––

रेलवे ने चार जोड़ी विशेष ट्रेनों की परिचालन अवधि में विस्तार किया है। दानापुर–सहरसा–दानापुर विशेष ट्रेन अब सात दिसम्बर तक चलायी जायेगी। वहीं, राजेन्द्रनगर–आरा एक्सप्रेस, राजगीर–गुरपा और पाटिलपुत्र–झंझारपुर विशेष ट्रेन सात दिसम्बर तक चलायी जायेगी।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––

राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद उपेन्द्र कुशवाहा आज मुजफ्फरपुर से अपनी बिहार यात्रा के छठे चरण की शुरूआत करेंगे। श्री कुशवाहा पार्टी

द्वारा आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में भाग लेंगे। कल उनका सीतामढ़ी में कार्यक्रम होगा।

———————————————————————

एक्वायर्ड इम्यूनो डेफिसिएंसी सिंड्रोम–एड्स के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए आज विश्व एड्स दिवस मनाया जा रहा है। यह दिन लोगों को एचआईवी के खिलाफ लड़ाई में एकजुट होने और एचआईवी पीडित लोगों के प्रति समर्थन व्यक्त करने का भी अवसर प्रदान करता है। इस मौके पर प्रदेशभर में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

———————————————————————

मौसम विभाग ने कहा है कि अगले चार से पांच दिनों तक प्रदेश के मौसम में किसी बड़े बदलाव की सम्भावना नहीं है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले तीन दिनों के दौरान सुबह के समय राज्य के अधिकांश हिस्सों में हल्के से मध्यम स्तर का कोहरा छाया रहेगा। इधर, प्रदेश के पटना, गोपालगंज, वाल्मीकिनगर, पूसा, भागलपुर और अरवल समेत सत्रह शहरों के तापमान में गिरावट दर्ज की गयी है। कल सबसे कम न्यूनतम तापमान रोहतास जिले के डेहरी में दस दशमलव दो डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जबकि अररिया में सर्वाधिक अधिकतम तापमान तीस दशमलव चार डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

———————————————————————

समस्तीपुर के सुमन कुमार ने अंडर नाईनटीन क्रिकेट में हैट्रिक के साथ पारी के सभी दस विकेट लेकर इतिहास रच दिया है। पटना के मोईनुल हक स्टेडियम में बिहार और राजस्थान के बीच खेले जा रहे कूच बिहार अंडर नाईनटीन पुरूष क्रिकेट टूर्नामेंट मुकाबले में बाये हाथ के स्पिन गेंदबाज सुमन ने राजस्थान की पहली पारी के सभी दस विकेट लेकर नया रिकॉर्ड बना दिया। सुमन के इस शानदार प्रदर्शन की बदौलत राजस्थान की पारी एक सौ बयासी रन पर ही सिमट गयी। इससे पहले दीपेश के नाबाद एक सौ बयासी रन की बदौलत बिहार की टीम ने पहली पारी में चार सौ सड़सठ रन बनाये थे। वहीं, फॉलोऑन खेलते हुये राजस्थान ने दूसरी पारी में दो विकेट खोकर एक सौ तिहत्तर रन बना लिये हैं। अभी भी राजस्थान की टीम एक सौ बारह रन पीछे हैं।

———————————————————————

राज्य सरकार बिहार विमेंस एशियन चैंपियंस ट्रॉफी दो हजार चौबीस की विजेता टीम इंडिया को आज सम्मानित करेगी। पटना के बापू टॉवर में आयोजित समारोह में विजेता टीम खिलाड़ियों के साथ इस आयोजन को सफल बनाने में सहयोग करने वाले

अधिकारियों और कर्मचारियों को भी सम्मानित किया जायेगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार विजेता टीम को सम्मान प्रदान करेंगे।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन के हवाले से लिखा है– मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने महिलाओं के लिए बहुत काम किये।

दैनिक जागरण की सुर्खी है – स्कूलों में शुरू होगा साइंस और मैथ ओलंपियाड।

दैनिक भास्कर ने बोधि वृक्ष की पत्तियों पर देहरादून के वन अनुसंधान संस्थान की जांच रिपोर्ट को तरजीह देने हुये लिखा है– बोधि वृक्ष की पत्तियों पर संक्रमण नहीं, बेहतर है स्वास्थ्य।

प्रभात खबर ने लिखा है– जेई बहाली में बारह अभ्यर्थियों की डिग्री मिली फर्जी।

राष्ट्रीय सहारा का शीर्षक है– किसानों के हित में लगातार काम कर रही है राज्य सरकार।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज पुलिस महानिदेशकों और महानिरीक्षकों के अखिल भारतीय वार्षिक सम्मेलन को संबोधित करेंगे। इसमें आंतरिक सुरक्षा, नए आपराधिक कानून, तटीय सुरक्षा और साइबर अपराध के मुद्दों पर चर्चा होगी।

02. राज्य सरकार ने कहा– सरकारी स्कूलों के शिक्षकों को नियत अवधि के लिए गर्मी की छुट्टी मिलेगी।

03. नशामुक्ति का संदेश देने के लिए आज पटना में फुल और हाफ मैराथन सहित विभिन्न श्रेणियों की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

04. और, आज विश्व एड्स दिवस है। एड्स के प्रति जागरूकता के लिए प्रदेशभर में अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।